दिन—मंगलवार दिनांक— 23 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित। आज पटना, औरंगाबाद, नालंदा, रोहतास और बेगूसराय समेत चौदह जिलों में शीत दिवस की चेतावनी।

02. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा — विकसित भारत—जी राम जी अधिनियम से रोजगार की गारंटी के साथ—साथ गांवों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार।

03. राज्य सरकार ने कहा — मखाना क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सरकारी सहायता के दायरे में लाने के लिए उनका लेबर कार्ड बनवाया जाएगा।

04. और, आर्थिक अपराध इकाई ने उन्नीस बालू और जमीन माफिया की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू की।

---

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से ठंड और कनकनी का एहसास बढ़ गया है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज सुबह पटना, कैमूर, रोहतास, अरवल, बक्सर, भोजपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर, मुंगेर, सहरसा, सुपौल और पूर्णिया समेत इकतीस जिलों में अत्यंत घना कोहरा छाया रहा। इधर, मौसम विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा है कि आज पटना, अरवल, औरंगाबाद, बेगूसराय, भोजपुर, बक्सर, गया, जहानाबाद, कैमूर, लखीसराय, नालंदा, नवादा, रोहतास और शेखपुरा जिले में शीत दिवस की संभावना है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।

———बाइट———

इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम से अब ग्रामीण परिवारों को सौ दिनों की जगह एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। श्री कुमार ने कहा कि इस योजना से गांव के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने कहा है कि मखाना क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सरकारी सहायता के दायरे में लाने के लिए उनका लेबर कार्ड बनवाया जाएगा। पटना में राष्ट्रीय मखाना समृद्धि मंथन में इस आशय का फैसला किया गया। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि बैठक में मखाना की समग्र अर्थव्यवस्था–उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात को लेकर पांच वर्ष के लिए रोडमैप तैयार करने पर भी सहमति बनी।

---

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने उन्नीस बालू और जमीन माफिया की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव प्रवर्तन निदेशालय को भेजा है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने कहा कि चिन्हित माफिया की लगभग पचपन करोड़ रुपये मूल्य की सम्पति जब्त करने का प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हित बालू माफिया में छह बांका के, तीन भोजपुर के और एक–एक पटना और औरंगाबाद जिले के हैं। वहीं, भूमि माफिया में पांच पटना के जबकि एक–एक दरभंगा, कैमूर और भोजपुर जिले के हैं।

———बाइट———

इधर, बिहार पुलिस दो सौ नवासी शराब माफिया की संपत्ति जब्त करेगी। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें से एक सौ बत्तीस के खिलाफ प्रस्ताव भेज दिया गया है।

---

प्रदेश में गंभीर अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि हत्या, डकैती और दंगे के मामलों में काफी कमी आई है।

———बाइट———

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता दाखिल–खारिज, परिमार्जन और मापी के मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करना है। मुजफ्फरपुर में आयोजित जनकल्याण संवाद को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए दिसम्बर महीने में सभी अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है।

———बाइट———

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों के तत्काल और पारदशी समाधान के लिए राजस्व कर्मचारियों को जीपीएस लगी मोटरसाईकिल दी जाएगी।

---

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना आ रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि मिलर हाई स्कूल मैदान में श्री नवीन का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि श्री नवीन पटना हवाई अड्डे से वीरचन्द पटेल पथ तक रोड शो भी करेंगे। कार्यक्रम में कई केन्द्रीय मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद और विधायक समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

———बाइट———

इधर, पटना जिला प्रशासन ने रोड शो को देखते हुए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक प्राध्यापक के नाम का उल्लेख करते हुए वेबसाइट पर बतायें कि संबंधित प्राध्यापक ने प्रतिदिन किन–किन विषयों में कितने वर्ग में पढ़ाई करवाई। इस संबंध में सभी कुलपतियों को आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के शिक्षण और परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड करें। साथ ही दैनिक हो रहे कक्षा का ब्यौरा और वार्षिक परीक्षा का प्रतिदिन अपडेट भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

---

राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में कल अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन होगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर ने बताया कि इस महीने की संगोष्ठी हरेक बच्चा, श्रेष्ठ बच्चा की थीम पर आधारित है। उन्होंने अभिभावकों से संगोष्ठी में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे संवाद से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है।

---

डाक विभाग ने छात्रों के हित में स्टूडेंट पार्सल डिस्काउंट स्कीम की शुरूआत की है। इस योजना के तहत छात्रों को पार्सल बुकिंग पर डाक शुल्क में दस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बुकिंग के समय छात्रों को संस्थान द्वारा जारी पहचान पत्र दिखाना होगा। यह योजना एक जनवरी से लागू होगी।

---

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने दारोगा के एक हजार सात सौ निन्यानवे पदों पर बहाली के लिए आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा अठारह और इक्कीस जनवरी को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र तीस दिसम्बर से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

---

किसान दिवस पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना में आज से दो दिवसीय किसान मेला सह राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाा रहा है। मेले की थीम है – अनुसंधान से आत्मनिर्भरता की उड़ान– समृद्ध कृषि, सशक्त किसान कार्यक्रम का कृषि मंत्री रामकृपाल यादव उद्घाटन करेंगे। इस मेले में एक हजार से अधिक किसानों के शामिल होने की संभावना है।

---

प्रदेश के सभी जिलों में आदर्श गौशाला की स्थापना होगी। डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन विभाग की सचिव एन. विजयलक्ष्मी ने बताया कि विभाग की हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि इन गौशालाओं को ग्रामीण विकास और पशुधन संवर्द्धन के साथ–साथ इको टूरिजम्म के रूप में विकसित किया जाएगा।

---

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पटना स्थित उद्यमिता विकास संस्थान को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान श्री जायसवाल ने कहा कि संस्थान में नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरूआत की जाएगी।

---

जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने के आरोप में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने दरभंगा के कार्यपालक अभियंता और चार सहायक अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है।

---

ओडिशा में दारोगा प्रश्न पत्र लीक मामले के मुख्य्य आरोपी नीतीश कुमार को सीबीआई की टीम ने खुशरूपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

---

छपरा व्यवहार न्यायालय ने भूमि विवाद में हुई हत्या के एक मामले में दो सगे भाईयों– सुनील राय और सुमन राय तथा एक अन्य दोषी भूषण राय को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

---

मधुबनी जिले के लहेरियागंज मुसहरी टोला में देर रात दो पक्षों के बीच हुई हिसंक झड़प में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

बेतिया जीएमसीएच में जूनियर चिकित्सकों और जीविका दीदियों के बीच हुई हाथापाई की घटना में दस जीविका दीदी घायल हो गयीं। खाने के ऑडर को लेकर हुए विवाद में को लेकर यह विवाद शुरू हुआ था।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधाानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – सात निश्चय–तीन को पूरा करने में नीतीश ने मदद मांगी, मोदी बोले हम साथ हैं।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है – उन्नीस बालू और जमीन माफिया की संपत्ति जब्त होगी।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – राज्य में चार सौ प्रतिशत तक बढ़ेगा सर्किल रेट।

**दैनिक जागरण** ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के हवाले से लिखा है– राजस्व दस्तावेज में लिखा जाएगा अब भूमिहार ब्राह्मण।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – संसदीय समिति वीबी जी राम जी एक्ट और मनरेगा की करेगी समीक्षा।

**आज अखबार** की सुर्खी है– चार हजार नौ बत्तीस नियोजित शिक्षक बनेंगे राज्यकर्मी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित। आज पटना, औरंगाबाद, नालंदा, रोहतास और बेगूसराय समेत चौदह जिलों में शीत दिवस की चेतावनी।

02. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम से रोजगार की गारंटी के साथ–साथ गांवों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार।

03. राज्य सरकार ने कहा – मखाना क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सरकारी सहायता के दायरे में लाने के लिए उनका लेबर कार्ड बनवाया जाएगा।

04. और, आर्थिक अपराध इकाई ने उन्नीस बालू और जमीन माफिया की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।